हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
11 जुलाई 2024, समय 1810

- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-यूजी परीक्षा मामले की सुनवाई इस महीने की 18 तारीख तक के लिए स्थगित की।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल का अनावरण किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज मानेसर में मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत पात्र परिवारों को स्वामित्व पत्र प्रदान किए।
- मुख्यमंत्री ने गुरूग्राम जिले में 269 करोड़ रुपये की 37 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।
- बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के लिए उनके पास पूर्ण बहुमत है।

हरियाणा बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही मोहनलाल बड़ोली ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के लिए उनके पास पूरा बहुमत है । श्री बड़ोली ने आज करनाल स्थित बी जे पी कार्यालय में जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे।पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीजेपी के लाखों कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूल मंत्र को लेकर सरकार की जन कल्याण नीतियां गरीब के घर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। इसी के चलते आज मंडल प्रवास योजना के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें जिन लोगों को सरकारी जन कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है उनको वह लाभ देने का काम मंडल प्रवास योजना के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बहुत जल्द विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में स्पष्ट बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी।बसपा और इनेलो के गठबंधन बारे पूछे जाने पर मोहनलाल बडोली ने प्रदेश में बड़े तीसरे गठबंधन का स्वागत करते हुए कहा कि जनता किस प्रकार उन्हें आशीर्वाद देगी यह जनता पर निर्भर करेगा।आने वाले विधानसभा चुनाव में वह बीजेपी सरकार की पोल खोलने वाले दुष्यंत चौटाला के बयान पर श्री बड़ोली ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इस बार हुए चुनाव में उनकी पोल खोलने का काम बखूबी किया है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकारिणी में बदलाव बारे पूछे जाने पर बीजेपी अध्यक्ष ने कहा

कि   बीजेपी कार्यकारणी  में लाखों कार्यकर्ता है ,लगभग 20 से 25 प्रतिशत ही नए लोग आते है, बाकी वही लोग काम करते है। इससे नए लोगों मौका भी मिलता है ।

........................................................................................................

हरियाणा के नगर एवं ग्राम आयोजना मंत्री जे पी दलाल की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में रतिया विकास योजना -2041 के प्रारूप विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा भी उपस्थित रहे।यह विकास योजना वर्ष 2041 तक रतिया की 2 लाख से अधिक व्यक्तियों की अनुमानित आबादी के लिए तैयार की गई है। इस योजना को जनता के लिए प्रकाशित किया जाएगा और उन से टिप्पणियां मांगी जाएंगी।इस विकास योजना में कुल 1667 हेक्टेयर क्षेत्र में से 649 हेक्टेयर क्षेत्र को आवासीय उद्देश्य के लिए और 116 हेक्टेयर क्षेत्र को व्यावसायिक उद्देश्य के लिए रखा गया है। इसी प्रकार, 267 हेक्टेयर क्षेत्र को औद्योगिक उद्देश्य के लिए तथा 192 हेक्टेयर क्षेत्र परिवहन और संचार के लिए, 122 हेक्टेयर क्षेत्र सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए, 101 हेक्टेयर क्षेत्र सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक उपयोग के लिए जबकि 220 हेक्टेयर खुले क्षेत्र के लिए रखा गया है।

उन्होंने बताया कि मौजूदा क्षेत्र 575 हेक्टेयर है और नए प्रस्तावित 1667 हेक्टेयर क्षेत्र के साथ ही कुल शहरी क्षेत्र 2,242 हेक्टेयर हो जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज गुरूग्राम में टी-20 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे क्रिकेट खिलाड़ी युवेन्द्र चहल से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाडी को टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को पदक भी पहनाया।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरालंपिक के खिलाडियों व अन्य खिलाडियों के लिए जल्द ही एक अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया जाएगा और इस कार्यक्रम में हरियाणा का नाम रौशन करने वाले खिलाडियों का अभिनंदन किया जाएगा।

हरियाणा में पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की द एनिमल केयर आर्गेनाइजेशन (टाको) ने आज मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार यह संस्था प्रदेश में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये लगाएगी।

समझौता ज्ञापन के तहत, टाको गुरुग्राम में सरकारी पशु चिकित्सालय को सातों दिन 24 घंटे सेवा देने वाले बहु विशेषज्ञ पशु अस्पताल में परिवर्तित करेगा और हरियाणा में अत्यंत गंभीर बीमारियों से ग्रस्त पशुओं के लिए पशु जन्म नियंत्रण इकाई, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रशिक्षण केंद्र और आश्रय गृह का निर्माण शुरू करेगा। यह सुविधा गुरुग्राम के कादीपुर में स्थित पशु चिकित्सालय की 2 एकड़ भूमि पर तैयार की जाएगी।इस समझौते के तहत, टाको आपातकालीन देखभाल सेवाएं घर-घर पहुंचाने के लिए एक एम्बुलेंस और एक उन्नत मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी तैनात करेगी।

पलवल से विधायक दीपक मंगला ने आज पलवल में मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के 50 पात्र परिवारों को स्वामित्व पत्र वितरण किए। इस अवसर पर नगर परिषद के प्रधान डॉ. यशपाल भी मौजूद थे। दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी क्षेत्र में 20 साल से अधिक समय से संपत्ति पर काबिज लोगों को मालिकाना हक प्रदान कर बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि जमीन का मालिकाना हक मिलने से व्यापारी अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते है।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज मानेसर में स्वामित्व पत्र वितरण और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री वितरण समारोह में गुरुग्राम जिलो की 269 करोड़ रुपये की 37 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 12 परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें सोहना उपमंडल में 57 लाख रुपये की लागत से B.P.D.S से इसाकी गांव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण, एक करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से इसाकी से रानी का सिंघोला तक सड़क का पुननिर्माण शामिल है।

इस दौरान जिन 25 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। उनमें 99 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत की द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर की सह्यक सड़कों का निर्माण और चंदू बुढेड़ा में 61 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से बनने वाला जल शोधन संयंत्र शामिल है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा 2024 मामले की सुनवाई इस महीने की 18 तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी पक्षों को केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने का पर्याप्त समय देने हेतु सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी है ।शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट यूजी 2024 मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें 5 मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं।

बुधवार को प्रस्तुत एक हलफनामे में, केंद्र ने कहा कि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय ने मद्रास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान डेटा के व्यापक विश्लेषण का अनुरोध किया है उससे पहले सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि नीट यू जी 2024 की शुचिता से समझौता हुआ है।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल पहल का अनावरण किया। सुगम मॉडल को माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण के स्वस्थ समय और अंतराल के लिए डिज़ाइन किया गया है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों के साथ एक वर्चुअल बैठक में श्री नड्डा ने कहा कि आगामी रणनीतियों को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के साथ लागू किया जाना चाहिए।उन्होंने नई परिवार नियोजन - सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री भी जारी की।